



## एक नजर में

### सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत मानव श्रृंखला, शपथ समारोह आयोजित

**हृदय में स्वच्छता ही सेवा का संदेश को लेकर आकृति बनाई**



**महिदपुर।** शासन द्वारा 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य जनभागीदारी, स्वच्छता, सेवा और जन कल्याणकारी कार्यक्रमों को व्यापक स्वरूप देना है। अभियान के अनुक्रम में स्वच्छता ही सेवा एवं स्वच्छ उत्सव थीम के अंतर्गत 27 सितंबर शासकीय यशवंत उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मानव श्रृंखला एवं शपथ समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में स्कूल के विद्यार्थियों को एसएचएस की आकृति में खड़ा कर मानव श्रृंखला बनाई गई। मानव श्रृंखला में छात्र-छात्राओं को स्वच्छता पखवाड़ा की जानकारी देते हुए महिदपुर नगर एवं भारत को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए श्रमदान करने एवं स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही स्वच्छता की शपथ दिलवाई गई। जिसमें प्राचार्य किशोर परमार, नगरपालिका स्वच्छता प्रभारी नवीन मिश्रा व शिक्षकगण, स्वच्छता टीम मौजूद रहे। मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजा यादव ने चर्चा में बताया कि सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत सभी वार्डों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं, जिसका समापन 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर होगा। जानकारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका महिदपुर ने दी।

### रक्तदान शिविर आयोजित, 18 यूनिट रक्तदान



**घट्टिया।** सेवा पखवाड़ा अंतर्गत भाजपा युवा मोर्चा द्वारा एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर विधायक सतीश मालवीय के मुख्य आतिथ्य व भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेन्द्र सिंह सोलंकी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम भारत माता व पं दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर शिविर का शुभारंभ किया गया। मण्डल महामंत्री देवेन्द्र सिंह आंजना ने बताया कि शिविर में 18 लोगों ने रक्तदान किया। जनपद सभागृह में आयोजित रक्तदान शिविर में जिला चिकित्सालय उज्जैन के रक्तकोष विभाग के डॉ. ध्रुव भीलवार, काउंसलर प्राची खरे, मनोज कोठार व घट्टिया के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुज शल्या ने रक्तदान सम्पन्न कराया। कार्यक्रम में जिपं उपाध्यक्ष श्रीमती शिवानी कुंवर सोलंकी, जसवंतसिंह उमठ, अब्दुल वहाब खान, लोकेन्द्रसिंह राणा, पंकज रावल, गोविंद शर्मा, कान्हा ठाकुर, कृष्णपालसिंह अवार, राजकुमार काबरा, रवि पाठक, सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन अनुनय काबरा ने व आभार युवा मोर्चा उपाध्यक्ष जितेंद्रसिंह पंवार ने माना। साथ ही रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

### पुलिस व रैपिड एक्शन फोर्स ने डोमिनेशन मार्च



**घट्टिया।** पुलिस थाना घट्टिया क्षेत्र के संवेदनशील क्षेत्र में रैपिड एक्शन फोर्स और पुलिस ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला। थाना पुलिस ने क्षेत्रवासियों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते पुलिस और कानून व्यवस्था के प्रति जागरूकता एवं विश्वास सदृढ़ करने हेतु रैपिड एक्शन फोर्स और थाना पुलिस फोर्स ने संयुक्त रूप से शाम को नगर घट्टिया एवं बिछड़ोद कस्बे में फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस के साथ जवानों ने मार्च कर कस्बे की भौगोलिक क्षेत्र का जायजा लिया। थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि इलाके की जनसंख्या, सामुदायिक दृष्टि से संवेदनशील जगहों को चिह्न कर फ्लैग मार्च निकाला गया जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की सांप्रदायिक तनाव, दंगा अन्य आपात स्थिति, प्राकृतिक आपदा होने पर कारगर ढंग से उस पर नियंत्रण किया जा सके एवं रहवासियों में पुलिस व फोर्स के प्रति विश्वास स्थापित किया जा सके। फ्लैग मार्च में 107 वाहिनी द्रुत कार्यबल की डी समवाय के समवाय अधिकारी दीपक कुमार रेगर उप कमांडेंट, थाना प्रभारी करण खोवाल, नंदी बाबू योगीराला सहायक कमांडेंट एवं राजपाल चौधरी सहायक कमांडेंट सहित बड़ी संख्या में थाना पुलिस फोर्स एवं रैपिड एक्शन फोर्स मौजूद था।

### सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग शिविर



**माकड़ोन।** सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय माकड़ोन में 27 सितंबर को प्रभारी प्राचार्य डॉ. राजेंद्र सिंह सिसौदिया के निर्देशन में सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माकड़ोन के चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुराज परिहार ने विद्यार्थियों को सिकल सेल एनीमिया की पहचान एवं उसके निदान के विषय में जानकारी दी। इसके पश्चात प्रभारी प्राचार्य डॉ. राजेंद्र सिंह सिसौदिया ने सिकल सेल एनीमिया के विषय में बताया कि यह एक वंशागत रक्त विकार है। यह अनुवांशिक उत्परिवर्तन विरासत में मिलता है। जो एचबीबी को प्रभावित करता है। जिससे हमारी आरबीसीसी के आकार की हो जाती है और हमारे रक्त वाहिकाओं को अवरुद्ध करती है और एनीमिया हो जाता है साथ ही यह तिल्ली को प्रभावित करके हमारे प्रति रक्षा प्रणाली को कमजोर करता है। महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक गण एवं विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी से यह शिविर ज्ञानवर्धक और स्वास्थ्य जागरूकता की दृष्टि से अत्यंत सफल रहा।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के शिविर 200 लोग लाभांवित

**महिदपुर। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड संचारण, संधारण संभाग महिदपुर द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में राजपूत बोर्डिंग परिसर, महिदपुर में शिविर का आयोजन किया गया।**



जिसमें घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं के परिसर की छत पर ऑन ग्रिड सोलर रुफटॉप प्लांट स्थापित करने के संबंध में योजना से संबंधित जानकारी शिविर में उपस्थित विद्युत उपभोक्ताओं को दी गई। कार्यपालन अभियंता रवि कुमार पाठक महिदपुर ने बताया कि शिविर स्थल पर भारतीय स्टेट बैंक के शाखा महिदपुर के शाखा प्रबंधक दिनेश कुमार दांगी एवं बैंक ऑफ इण्डिया शाखा महिदपुर के शाखा प्रबंधक यश चुनेकर उपस्थित रहे। जिन्होंने ने योजना के संबंध में बैंक से मिलने वाले ऋण संबंधित जानकारी को सरलता से समझाया। शिविर में सौलर प्लांट स्थापित करने से संबंधित अधिकृत वेण्डर राठी सौलर इंदौर, हाईटेक इण्टरप्राईजेस इंदौर, मालवा सौलर एनर्जी उज्जैन एवं मंगलम सौलर पॉवर उज्जैन के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। उनके द्वारा भी सौलर पैनल स्थापित करने के संबंध में जानकारी दी गई। शिविर में उपस्थित ऐसे उपभोक्ता जिन्होंने इस योजना के तहत अपने घर की छत पर सौलर पैनल स्थापित कर इस योजना में सम्मिलित हुए हैं।

जिसमें संजय जोशी अभिभाषक महिदपुर, हारुन छीपा महिदपुर ने योजना से प्राप्त लाभ के बारे में उपभोक्ताओं को बताया और सभी से इस योजना के अंतर्गत सौलर प्लांट लगाने व शासन की इस योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम में महिदपुर संभाग के अंतर्गत वितरण केन्द्र महिदपुर शहर के प्रभारी अधिकारी सहायक यंत्री हेमेश बंसल, महिदपुर ग्रामीण वितरण केन्द्र के प्रभारी कनिष्ठ यंत्री लाला भैया सिंह, महिदपुर रोड़ वितरण केन्द्र के कनिष्ठ यंत्री प्रियंका झोरे, घोंसला वितरण केन्द्र के प्रभारी कनिष्ठ यंत्री हेमंत चौहान एवं झारडा वितरण केन्द्र के कनिष्ठ यंत्री नितिश कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर लगभग 200 विद्युत उपभोक्ताओं ने शिविर में सम्मिलित होकर योजना में आवेदन की प्रक्रिया एवं जानकारी प्राप्त की। संचालन राजकुमार तिवारी तथा प्रभारी संभगीय लेखापाल, संभागीय कार्यालय महिदपुर ने किया। आभार प्रदर्शन सहायक यंत्री हेमेश बंसल ने माना।



## शिविर में 604 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण

**घट्टिया।** महिलाओं का स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण हमारे परिवार, समाज एवं राष्ट्र की प्रगति का आधार है, इसी उद्देश्य को लेकर विकासखण्ड घट्टिया में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक पटेल के निर्देशन में सितंबर से 2 अक्टूम्बर तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घट्टिया में विकासखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ विधायक सतीश मालवीय द्वारा किया गया। जानकारी देते खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुजकुमार शल्या ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मलेरिया, मधुमेह, उक्त रक्तचाप, एनिमिया सहित विभिन्न बीमारियों के कुल-604 मरीजों को जिनमें 479 महिला, 65 पुरूषों व 80 बच्चों की विभिन्न प्रकार की जांच व उपचार किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर में विभागीय प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष शिवानी कुंवर, भाजपा मण्डल अध्यक्ष लोकेन्द्र सिंह जलवा, डॉ. भगवान सिंह पंवार, जसवंत सिंह उमठ, महेन्द्र सिंह बना, अब्दुल वहाब मंसूरी, यशोदा बैरागी, अनुविभागीय अधिकारी राजाराम करजरे जनपद सीईओ जीएस मुजाल्दा, बीईई महेश परमार आदि उपस्थित थे ।

# हिंदी के शुद्ध लेखन पर ध्यान देने की जरूरत है : शर्मा

## भारतीय भाषा अभियान के हिंदी पखवाड़े में वक्ताओं ने रखे विचार

**उज्जैन।** नवसंवत् विधि महाविद्याल एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के भारतीय भाषा अभियान के संयुक्त तत्वाधान में हिंदी दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत व्यख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यास के मध्य क्षेत्र संयोजक ओम शर्मा महाविद्यालय के अध्यक्ष तरुण शाह द्वारा की गई। अतिथि स्वागत प्राचार्य डॉ. नरेंद्र शर्मा, डॉ. नवीन कुमार साहू एवं डॉ. आशीष रावल तथा संस्था के डायरेक्टर प्रफुल्ल तोतावर के द्वारा किया गया। अपने उद्बोधन में ओम शर्मा ने कहा कि हिन्दी बहुत ही सरल भाषा है। हिन्दी है। हिंदी को मात्र संवाद की भाषा न मानकर कामकाज में इसका प्रयोग किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. एसएन शर्मा ने बताया न्यायालयों में हिंदी को और अधिक महत्व देते हुए उसका प्रयोग किया जाना चाहिए। डॉ. आरएन शुक्ल के द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में तथा कहा कि अन्य भाषा सीखना तथा उनमें पारंगतता प्राप्त करना अच्छी बात है। हिंदी हमारी मातृ भाषा है और इसे प्राथमिकता पर हम सभी को रखना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अश्विन लोया ने किया। आभार डॉ. नीरज सारवान ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में निर्मला कॉलेज



थे। विशिष्ट अतिथि डॉ. एसएन शर्मा, प्रांत संयोजक भारतीय भाषा अभियान तथा डॉ. आरएम शुक्ल थे। अध्यक्षता नवसवंत जैसी बोली जाती है,वैसे ही लिखी जाती है। हिन्दी हमारी मातृभाषा है। हमें हिंदी के शुद्ध लेखन और शुद्ध उच्चारण पर ध्यान देने की जरूरत प्रतियोगिता परीक्षाओं के हिंदी माध्यम की सार्थकता पर अपने विचार प्रकट किये गये। अध्यक्षता करते हुए संस्था प्रमुख तरुण शाह ने की कीर्ति डीड्डी सहित बड़ी संख्या में न्यास के कार्यकर्ता उपस्थित थे। यह जानकारी न्यास के प्रचार प्रसार प्रमुख डॉ जफर महमूद ने दी।

## नारी शक्ति एक्सप्रेस में हजारों मातृशक्तियों ने किये माता मंदिरों के दर्शन



**उज्जैन।** स्व. जगदीश यादव सेवा संस्थान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय नारी शक्ति एक्सप्रेस का समापन शुक्रवार को हुआ। विवेक यादव सेवादार द्वारा आयोजित इस नि:शुल्क मंदिर दर्शन यात्रा में तीन दिनों तक हजारों महिलाओं को चामुंडा माता, सावन भादो माता मंदिर, बिजासन माता, हामू खेड़ी, भूखी माता, हरसिद्धि माता, गढ़कालका माता, बगलामुखी धाम सहित शहर के विभिन्न मंदिरों के दर्शन कराये गये।

राजेश बाथली ने बताया कि विवेक यादव सेवादार द्वारा आयोजित नि:शुल्क मंदिर दर्शन यात्रा शुक्रवार को समाजसेवी स्नेहलता सोगानी, बड़ा उदासीन अखाड़ा के महंत सत्यानंद महाराज, पार्षद प्रेमलता रामी, कांग्रेस नेता आशीष ठाकुर के मुख्य आतिथ्य में प्रारंभ हुई। पशुपतिनाथ मंदिर चामुण्डा माता चौराहा से प्रारंभ हुई यात्रा में प्रमुख रूप से पुनीत रिछारिया, प्रदीप शर्मा, रीक्षित परिहार, रुपेश गुप्ता, शरद सोलंकी, शेर सिंह चौहान, सौरभ नागर, लव वर्मा, यश जैन, रविंद्र यादव, आशीष यादव, दीपक कुशवाह, दिलीप मंडावलिया, तनिष्क जाट, चेतन चौधरी, नितिन तंवर, चेतन चौधरी, आलोक बॉस, जितेंद्र मंडोर, हेमंत बैरागी, अरुण राठी, हार्दिक चतुर्वेदी उपस्थित थे। अतिथियों का सम्मान पीयूष व्यास, प्रीतेश शर्मा, नरसिंह परिहार, हिमांशु पांडिया ने किया। संचालन पंकज यादव ने किया एवं आभार जगदीश सूर्यवंशी ने माना।

## सेवा पखवाड़ा : निगम परिसर में आयुक्त ने लगाई झाड़ू

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चल रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत नगर निगम उज्जैन परिसर की सफाई का दायित्व कर्मचारी संघों, अधिकारियों, कर्मचारियों ने उठाया। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने भी अपने हाथ में झाड़ू थाम कर परिसर की सफाई की। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ, सफाई कामगार संघ, सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ, आउटसोर्स कर्मचारी संघ के संरक्षक रामचंद्र कोरट के मार्गदर्शन में दोपहर 2.00 बजे से नगर निगम परिसर एवं फायर ब्रिगेड झोन क्रमांक 2 तक स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया, जिसमें आयुक्त, अपर आयुक्त, उपायुक्त सहित स्वास्थ्य विभाग अमला, आफिस स्टाफ सहित सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा मुख्यालय के बाहर की सफाई की गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष कर्मचारी शामिल हुए।



इस अवसर पर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने नगर निगम के कर्मचारी संघों, कर्मचारियों एवं सफाई मित्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिदिन हम शहर की स्वच्छता को बनाए रखने के लिए फील्ड में उपस्थित होकर कार्य करते हैं, हमें पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करना है, उज्जैन शहर को स्वच्छता में रोल मॉडल के रुप में हमें देश में सामने लाना है। उज्जैन शहर धार्मिक शहर होने के नाते प्रतिदिन हजारों की तादाद में श्रद्धालु एवं यात्रीगण हमारे शहर में आते हैं, हमें उनके स्वागत के लिए शहर की स्वच्छता को निरंतर बनाए रखना है ताकि वे जब उज्जैन शहर से जाएं तो एक स्वच्छ एवं साफ भाव उज्जैन शहर की स्वच्छता को लेकर जाएं और हम सब की मेहनत सफल हो जाए।

इस अवसर पर अपर आयुक्त, उपायुक्त के साथ ही सफाई कामगार संघ अध्यक्ष चंदगीराम टांकले, अब्दुल हमीद दरोगा, संदीप कलोसिया, गय्यूर अंजाना, अजय दावरे, महेश झांझोट, मुकेश भाटी, बंटी लोट, विकास गिरजे, अल्काब भाई, राकेश टांक, धीरज कलोसिया, अजय संगत, इसरार खान, मनसुख चौहान, रामसिंह चौहान, दिलीप घावरी, सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के डॉ. पवन व्यास, रमेशचंद्र निगम, मनसुख मेहरवाल, रामविलास गुप्ता, रामचंद्र नागर, दशरथ लोदवाल, कमलकिशोर गेहलोत, पी.एल. टटवाल, रमेशचंद्र जटिया, स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ के नितिन मुसले, जफर आलम अंसारी, शैलेष नागर, भरत मालवीय, कमलेश चावरे, भारतीय मजदूर संघ के लक्ष्मीनारायण रजक, रमेशचंद्र शर्मा, श्रीमती वर्षा कछवाय सहित सैकड़ों की संख्या में सफाई कर्मचारी, मेट, दरोगा, इंस्पेक्टर, आफिस के कर्मचारी, झोन के कर्मचारी उपस्थित थे।

**प्रशिक्षण** — **जिला सहकारी संघ उज्जैन में प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न**

# सहकारिता के कारण ही आज हम कई क्षेत्रों में संपूर्ण विश्व में एक नंबर पर

**उज्जैन।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम भोपाल एवं जिला सहकारी संघ उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में 26 सितंबर को बी. पेक्स सेवा सहकारी संस्थाओं के प्रबंधकों किसान उत्पादक संगठन (एफ.पी.ओ.) एवं महिला साख सहकारी संस्थाओं की प्रबंधकों का एक दिवसीय आदर्श उप नियम प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला सहकारी संघ मर्यादित, उज्जैन में आयोजित किया गया।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भारतीय राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम भोपाल की श्रेत्रीय निर्देशक इंद्रजीत कौर, क्षेत्रिय उप निर्देशक श्री गोरव शाक्या, कार्यकम के विशेष अतिथि, संयुक्त आयुक्त, सहकारिता विभाग संभाग उज्जैन के एके सिंह उपायुक्त सहकारिता जिला उज्जैन केके पाटनकर, मप्र राज्य सहकारी संघ मर्यादित, प्रशिक्षण केन्द्र इन्दौर के प्राचार्य दिलीप मरमट, सहकारिता विभाग के अंकेक्षण अधिकारी संजीव शर्मा आदि के द्वारा मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला सहकारी संघ मर्यादित, उज्जैन के प्रभारी प्रबंधक सुमेरसिंह सोलंकी ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए, स्वागत भाषण में कहा कि जिस प्रकार कण कण में परमात्मा का वास है। उसी प्रकार वर्तमान में जन-जन के सहयोग में सहकारिता समाया हुआ है। सहकारिता के कारण ही आज हम कई क्षेत्रों में संपूर्ण विश्व में एक नंबर पर है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि इंद्रजीत कौर ने कहा कि भारत सरकार सहकारिता मंत्रालय द्वारा आर्थिक मदद के साथ जो बहुउद्देशीय सहकारी संस्थाएं बनाई जा रही है। इन बहुउद्देशीय संस्थाओं को जन सहयोगी कार्य भी तत्परता से करना चाहिये। अच्छेकार्य करने वाली संस्थाओं को वर्ष के अंत में आर्थिक मदद के साथ पुरस्कृत किया जावेगा। इस अवसर पर एके सिंह, संयुक्त आयुक्त, ने उपस्थित प्रशिक्षार्थियों को आदर्श उपनियम की जानकारी देते हुए कहा कि आप एक पौधे का वुक्षारोपण कर उस पौधे को अपने बच्चे की तरह ध्यान रखें। जिससे हमें बढ़ते प्रदूषण से मुक्ति के साथ ही हमें शुद्ध वायु मिलती रहे। उपायुक्त श्री के पाटनकर ने कहा कि नये एफ.पी.ओ. के बनाने के उद्देशयों को चलाने के लिये उनके क्या कार्य होंगे, किस प्रकार से वह कार्य करें जिससे की वो ज्यादा से ज्यादा कृषको को कृषि से लाभ हो सकें। एन.सी.डी.सी. के क्षेत्रिय उप निर्देशक ने कहा कि सहकारिता मंत्रलय द्वारा चलाई जा रही आर्थिक योजनाओं का प्रचार-प्रसार पुरे प्रदेश में किया जा रहा है। अत: प्रदेश की समस्त सहकारी संस्थाएँ आर्थिक मदद हेतु एन.सी.डी.सी. भोपाल से सम्पर्क कर सकती है। इस अवसर पर मरमट ने कहा कि भारत सरकार द्वारा जन उपयोगी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ लें। सहकारिता विभाग के अंकेक्षण अधिकारी संजीव शर्मा ने नवीन आदर्श उप नियम के दस अध्यायों के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि सहकारिता एक बहुत बड़े वट वृक्ष का रूप ले चुका है। सहकारिता आज के समय में इतना विस्तापित बन चुका है कि हर क्षेत्र में जन सहयोग के लिये हर क्षेत्र में सबसे आगे है। जिस प्रकार से पूर्व में गरीब, मध्यम व कृषकों का जो शोषण होता था, सहकारिता से हर क्षेत्र शोषण से मुक्त हुआ है। सहकारिता से रोजगार के निरंतर सशक्त अवसर प्रदान करते जा रहा है। आपने कहा कि सम्पूर्ण जिले में 23 नई बी. पेक्स सेवा सहकारी संस्थाओं का पंजीयन भी किया गया है।